भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 877
जिसका उत्तर दिनांक 8 अगस्त, 2013 को दिया जाना है।

भेल को वित्तीय सहायता

877. श्री बद्रीराम जाखड़ :

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार विशेषकर राजस्थान में अपने क्रियाकलापों के विस्तार के लिए भारत हैवी इलेक्ट्रीकल्स लिमिटेड (भेल) को वित्तीय सहायता देने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो यह कार्य कब तक किए जाने की संभावना है; और

(ग) वर्तमान मे कर्नाटक में भेल के क्रियाकलापों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री प्रफुल पटेल)

(क) से (ग): जी, नहीं।

(घ) वर्तमान में कर्नाटक राज्य में भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) की प्रमुख गतिविधियों में निम्नलिखित शामिल हैं-

- बेंगलूरू में विनिर्माण इकाइयां अर्थात् इलेक्ट्रोनिक्स डिवीजन, इलेक्ट्रो-पोर्सलेंस डिवीजन और इलेक्ट्रोनिक्स सिस्टम्स डिवीजन;
- बेंगलूरू में सिरेमिक टेक्नोलॉजिकल इंस्टिट्यूट;
- बेंगलूरू में इंडस्ट्रियल सिस्टम्स ग्रुप, कार्पोरेट क्वालिटी, स्पेयर और सेवा व्यवसाय, सिरेमिक व्यवसाय, क्षेत्रीय प्रचालन डिवीजन से संबंधित विविध कार्यालय;
- कर्नाटक पॉवर कार्पोरेशन लिमिटेड के साथ "रायचूर पावर कार्पोरेशन लिमिटेड", बेंगलूर के नाम से संयुक्त उद्यम कंपनी; और
- बेल्लारी, रायचूर, मंगलोर आदि में विविध ऑर्डरों से संबंधित ग्राहक परियोजना निर्माण कार्य।

*****